# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ०ग०)

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)

(A Central University established by the Central Universities Act, 2009 No. 25 of 2009)

**क 230/भंडार/2016** **निविदा सूचना** **बिलासपुर, दिनांक 09.08.2016**

वर्ष 2014 एवं 2015 के स्वर्ण मंडित पदक बनाने हेतु सीलबंद लिफाफे में निविदायें दिनांक 06.09.2016 को अपराह्न 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर से सहायक कुलसचिव, भंडार, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, कोनी, बिलासपुर के नाम आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.09.2016 को अपराह्न 4.00 बजे भंडार शाखा में खोली जायेगी। निविदा के साथ अमानत राशि रू. 10,000/– (दस हजार रू. मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय ,बिलासपुर के नाम से देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। पदकों की अनुमानित संख्या लगभग 150 से 160 होगी, वजन 20 ग्राम, आकार 1.5 इंच व्यास (डेढ़ इंच)। विस्तृत विवरण एवं शर्ते विश्वविद्यालय वेब पटल www.ggu.ac.in में देखी जा सकती है।

**कुलसचिव**

# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

# Guru Ghasidas Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)

(ACentral University established by the Central Universities Act 2009 No25of 2009)

Phone 07752-260209,260381, Web site www.ggu.ac.in Email- arfinancaggv@gmail.com


**क 230/भंडार/2016** **बिलासपुर, दिनांक 09.08.2016**

## निविदा सूचना

वर्ष 2014 एवं 2015 के स्वर्ण मंडित पदक बनाने हेतु सील बंद लिफाफे में निविदा विभिन्न फर्मों से आमंत्रित है। निविदा से संबंधित सुसंगत दस्तावेज संलग्न है। निविदाकर्ता फर्म निर्धारित प्रपत्र–1 में आवश्यक जानकारियां भरकर निविदा दिनांक 06.09.2016 को अपराह्न 3.00 बजे तक सहायक कुलसचिव, भंडार विभाग, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को पंजीकृत डांक/स्पीड पोस्ट/कुरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं। निविदा दस्तावेज विश्वविद्यालय वेब पटल से डाउन लोड किये जा सकते हैं तथा भंडार विभाग से कार्यालयीन समयावधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।

अपूर्ण,सशर्त या अंतिम तिथि एवं निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। लिफाफे के ऊपर निविदा क्रमांक **230/भंडार/2016 दिनांक 09.08.2016** तथा **''स्वर्ण मंडित पदक हेतु निविदा''** अंकित किया जाना अनिवार्य है। निविदा कर्ता को निविदा के साथ रू 10,000/–(दस हजार रू.) की अमानत राशि (EMD) कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) के नाम से जमा करना होगा।

### निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियॉ :–

1. निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 06.09.2016 अपराह्न 3.00 बजे तक।
2. निविदा खोले जाने की तिथि 06.09.2016 अपराह्न 4.00 बजे लघु सभागार प्रशासनिक भवन, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर।

### निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें एवं जानकारियॉ :–

1. निविदा कर्ता द्वारा निर्धारित प्रपत्र – I में प्रस्तुत निविदा दिनांक 06.09.2016 को अपराह्न 3.00 बजे तक सहायक कुलसचिव, भंडार विभाग, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) 495009 को प्राप्त हो जाना चाहिए।
2. अंतिम तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदायें केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कुरियर के माध्यम से ही स्वीकार की जायेगी।
4. निविदाकर्ता को निविदा दस्तावेजों के साथ–साथ रू. 10,000/– अमानत राशि के रूप में जमा करना होगा। अमानत राशि कुलसचिव, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) के नाम देय डिमांड ड्राप्ट के रूप में होगी।

सहा.कुलसचिव (भंडार)

5. असफल निविदाकर्ताओं के द्वारा जमा की गई राशि निविदाकर्ताओं को शीघ्र ही बिना किसी ब्याज के लौटा दी जायेगी। सफल निविदाकर्ता की अमानत राशि विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगी तथा कार्य के सफल निष्पादनोंपरांत लौटा दी जायेगी। कार्य आदेश/क्रयादेश को निष्पादित न कर पाने की स्थिति में अमानत राशि राजसात कर ली जायेगी।
6. निविदाकर्ता को निविदा दस्तावेज के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
7. विश्वविद्यालय द्वारा यदि निविदाकर्ता के दर स्वीकृत कर लिये जाते है तब की स्थिति में निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दरें एक वर्ष के लिए मान्य होना वांछित है।
8. प्रत्येक पदक का आकार 1.5 इंच (डेढ इंच) व्यास, वजन 20 ग्राम जिस पर एक तरफ विश्वविद्यालय का प्रतीक चिह्न (मोनो) तथा दूसरी तरफ दानदाता/पदक धारक का नाम एवं अन्य विवरण विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सूची अनुसार अंकित (कम्प्यूटराईज्ड) करना होगा, जो कि प्रेजेन्टेशन केश एवं पौन मीटर फीते के साथ प्रदान करना होगा।
   1. शुद्व रजत पदक (20 ग्राम) ........................... नग।
   2. शुद्व स्वर्ण मंडित रजत पदक (20 ग्राम) ......................... नग।
9. अनुमानित पदकों की संख्या लगभग 150–160 नग होगी।
10. प्रत्येक स्वर्ण मंडित/स्वर्ण मिश्रित पदक में मिलाई गई **रजत एवं स्वर्ण की मात्रा अलग–अलग दर्शाते हुए वचनबद्वता का यह प्रमाण पत्र देना होगा** कि उनके द्वारा बताई गई मात्रा में स्वर्ण एवं रजत की मात्रा न होने पर विश्वविद्यालय को हुई हानि की भरपाई करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रदायकर्ता फर्म की होगी।
11. तैयार किये गये पदक, प्रजेन्टेंशन केश एवं फीते के साथ विश्वविद्यालय कार्यालय में स्वयं के व्यय से आदेश में दर्शायी गई तिथि एवं समय पर पहुॅचाकर अनिवार्य रूप से देना होगा।
12. पदक निर्माण/प्रदाय के संबंध में एवं अन्य शर्तों के संबंध में प्रदायकर्ता विश्वविद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।
13. विश्वविद्यालय हित में बिना कारण बताये प्राप्त निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार कुलपति, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) के पास सुरक्षित रहेगा।

सहा.कुलसचिव (भंडार)

# प्रपत्र – I

1. निविदा क्रमांक तथा तिथि : ..........................................................................
2. फर्म / डीलर / एजेंसी / कंपनी का : ..........................................................................
   नाम एवं पता :– : ..........................................................................
   : ..........................................................................
   : ..........................................................................
3. मालिक / साझेदार / निवेशक का नाम : ..........................................................................
4. दूरभाष / मोबाईल नम्बर : ..........................................................................
5. फैक्स / ई–मेल : ..........................................................................
6. फर्म / कंपनी / डीलर / ऐजेंसी का : ..........................................................................
   पंजीयन क्रमांक : ..........................................................................
7. TIN/VAT : ..........................................................................
8. PAN No. : ..........................................................................
9. अमानत राशि का विवरण :– : ..........................................................................
   डी.डी. नम्बर : ..........................................................................
   बैंक का नाम : ..........................................................................
   तिथि : ..........................................................................
10. फर्म / कंपनी / निवेशक का बैंक विवरण :–
    खाता क्रमांक : ..........................................................................
    बैंक का नाम : ..........................................................................
    बैंक का IFS Code : ..........................................................................
11. प्रस्तुत दरें :–

| **पदक का आकार 1.5 इंच व्यास वजन 20 ग्राम** | **दर प्रति नग (रूपये में)** |
|---|---|
| शुद्व रजत पदक (20 ग्राम) | |
| शुद्व स्वर्ण मंडित रजत पदक (20 ग्राम) | |
| प्रति ग्राम चॉदी की दर | |
| प्रति ग्राम स्वर्ण की दर | |
| मिश्रण की दर | |
| VAT/Service Tax या अन्य कोई कर यदि हो तो | |

12. घोषणा :—

मैं वचन देता हूँ कि मेरे द्वारा प्रदत्त उपरोक्त जानकारी पूर्णतः सत्य है तथा प्रस्तुत दरों पर विश्वविद्यालय को पदक निर्मित कर प्रदान करने के लिए सहमत हूँ

मुझे इस निविदा में उल्लेखित सभी शर्तें मान्य है तथा मैने निविदा दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर अंकित कर दिये है।

दिनॉक :..................................................

स्थान :..................................................

निविदाकर्ता फर्म/आवेदक का नाम .......................................

पता :..................................................................................

..................................................................................

दूरभाष नम्बर ..........................................................................

हस्ताक्षर एवं सील मुद्रा सहित